भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.10.2023

आरेडिका के प्रतिनिधि दल ने अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में दिखाए रेलवे उपकरण

तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी 2023 का अयोजन दिनांक–12.10.2023 से 14.10.2023 तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय उद्योग परिसंघ एवं भारतीय रेलवे के तत्वाधान में अयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में भारतीय रेलवे के प्रमुख हितधारकों एवं भागीदार के रूप में जर्मनी, जापान, रूस, यूके के साथ 11 देशों के 500 से अधिक प्रदर्शक नई दिल्ली के प्रगति मैदान के 5 हॉलों में फैले लगभग 30 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करते हुए नवीनतम प्रौद्योगिकी और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

भारतीय रेलवे ने अब तक का सबसे बड़ा मंच स्थापित किया है। जो इस क्षेत्र में भारत की ताकत, क्षमताओं और इसके विस्तार और आधुनिकीकरण योजनाओं के लिए भारतीय रेलवे की भविष्य का आवश्यकताओं को प्रदर्शित कर रहा है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में समवर्ती अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, बैठकें और क्रेता विक्रता बैठकें सामिल हैं जो सभी हितधारकों के लिए रेल परिवहन क्षेत्र में तकनीकी प्रगति हितधारकों के साथ नेटवर्क और एक ही मंच के तहत ज्ञान साझा करने का अवसर दे रहा है।

आरेडिका का स्टॉल सीडीई श्री डी के सिंह की देख–रेख में लगाया गया है। जहाँ आरेडिका सभी उत्पादन इकाइयों और क्षेत्रीय रेलवे के साथ भारतीय रेलवे की ताकत, क्षमताओं और भविष्य की आवश्यकताओं को प्रदर्शित करते हुए इस प्रदर्शनी में भाग ले रहा है। आरेडिका के जनसम्पर्क अधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव, श्री रौनक गुप्ता श्री एके अग्निहोत्री, श्री गोविल ने रेल प्रदर्शनी से संबंधित थीम वह अन्य प्रदर्शन सामग्री की विस्तृत जानकारी उपस्थित आगन्तुको के समक्ष प्रस्तुत की।

13/10/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी